भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 618**

उत्तर देने की तारीख 6 फरवरी, 2024

17 माघ, 1945 (शक)

# मेरा युवा भारत

**618. श्रीमती हेमामालिनी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 31 अक्तूबर, 2023 को नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर युवाओं के लिए मेरा युवा भारत (मेरा भारत) प्लेटफॉर्म शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त प्लेटफॉर्म में युवाओं के विकास और युवाओं के नेतृत्व में विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी प्रेरित साधन है; और

(ग) उक्त प्लेटफॉर्म का उद्देश्य युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने के लिए समान अवसर प्रदान करना और "विकसित भारत" बनाने में योगदान देना है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) से (ग): अमृतकाल के दौरान 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा भाव' के माध्यम से युवा विकास और युवा नेतृत्व जनित विकास के लिए प्रौद्योगिकी संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में मेरा युवा भारत (माई भारत) नामक एक स्वायत्त निकाय की स्थापना की गई है। माई भारत की संकल्पना युवा विकास और युवा नेतृत्व जनित विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी संचालित सुविधा प्रदाता के रूप में की गई है, जिसका प्रमुख लक्ष्य युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने और सरकार के संपूर्ण तंत्र में एक 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने हेतु समान अवसर प्रदान करना है। माई भारत के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म https://www.mybharat.gov.in/ विकसित किया गया है जिस पर देशभर के युवा पोर्टल पर उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न स्वयंसेवी अवसरों के लिए पंजीकरण और साइनअप कर सकते हैं। इस

प्लेटफार्म के माध्यम से युवाओं के लिए नेतृत्व विकास की भी परिकल्पना की गई है जिसमें उनके नेतृत्व कौशल में सुधार किया जाएगा, उन्हें सामाजिक नवप्रर्वतक, समुदाय नेता और उन्हें केवल ''निष्क्रिय प्राप्तकर्ता'' न बनाकर युवा विकास का ''सक्रिय संचालक'' बनाने तथा युवा नेतृत्व विकास की ओर सरकार का ध्यान केंद्रित किया जाएगा। परिकल्पित फिजिटल (भौतिक+डिजिटल) पारिस्थितिकी तंत्र का उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने हेतु सशक्त बनाना है। डिजिटल नेटवर्क तक पहुंच और स्वयंसेवी अवसरों के साथ युवा समुदाय परिवर्तन एजेंट और राष्ट्र निर्माता बनेंगे जिससे वे सरकार और नागरिकों के बीच "युवा सेतु" के रूप में कार्य कर सकेंगे।

****